दिन– शनिवार दिनांक– 23 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर अपने वीडियो संदेश में कहा है कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत टैक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनायेगा। श्री मोदी ने इस अवसर पर वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी।

---

राज्य के विकास में तकनीकी वस्त्रों के योगदान और भूमिका पर चर्चा के लिए आज पटना में एक राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान उद्योग निकायों, सरकारी विभागों, स्टार्टअप शोधकर्ताओं और अन्य हितधारकों ने विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम रेशों पर चर्चा की। विशेषज्ञों और विभिन्न हितधारकों ने बताया कि देश के तीव्र विकास के लिए बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, पर्यावरण स्थिरता और नवाचार को मज़बूत करने के लिए तकनीकी वस्त्र एक महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

---

कांग्रेस नेता और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज कटिहार पहुंची। राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी, भाकपा–माले के दीपंकर भटटाचार्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद तारिक अनवर, पप्पू यादव और शकील अहमद समेत महागठबंधन के कई नेता यात्रा में शामिल हैं। कोढ़ा में राहुल गांधी ने मखाना किसानों से बातचीत की। शाम करीब चार बजे कटिहार शहर होते हुए यात्रा कदवा पहुंचेगी।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के नौ सौ पैंतीस पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित है। आयोग ने कहा है कि इस पद के लिए वस्तुनिष्ठ प्रकृति की सिर्फ एक लिखित परीक्षा आयोजित होगी। ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया सत्ताईस अगस्त से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि सत्ताईस सितम्बर निर्धारित है।

————————————————————————

पटना जिले के दनियावां में शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में आज सुबह ऑटो रिक्शा और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पाँच अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। सभी मुतक नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र के मलामा गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार ये सभी गंगा नदी में पवित्र स्नान के लिए फतुहा के त्रिवेणी घाट जा रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में मृतक के प्रति गहरी शोक–संवदेना व्यक्त की है।

————————————————————————

गोपालगंज के पूर्व सांसद काली प्रसाद पांडेय का नई दिल्ली में निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। काली प्रसाद पांडेय उन्नीस सौ अस्सी में पहली बार बिहार विधानसभा के सदस्य चुने गये थे।` उन्नीस सौ चौरासी में वे गोपालगंज से निर्दलीय सांसद निर्वाचित हुए थे। बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गये। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरी संवेदना जतायी है।

————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना जताई है। वहीं, राजधानी पटना में सुबह से रूक–रूक कर बारिश हो रही है।

————————————————————————

पटना के गांधी मैदान में आज से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा "दिव्य कला मेला" का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला इकतीस अगस्त तक चलेगा। मेले का उद्घाटन केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम के सीएमडी विनीत राणा ने बताया कि मेले में बीस राज्यों के दिव्यांगजन अपने उत्पादों के स्टॉल लगायेंगे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।